मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-115
02/03/2019

मुख्यमंत्री ने शहीद संजय कुमार सिन्हा के परिजनों से की मुलाकात

पटना 02 मार्च 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना जिले के मसौढ़ी स्थित राजा बिगहा गाँव पहुंचकर पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए संजय कुमार सिन्हा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शहीद संजय कुमार सिन्हा के शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दिया।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, पूर्व विधायक श्री अरुण मांझी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी पटना श्री कुमार रवि सहित अन्य गणमान्य लोग, शहीद संजय कुमार सिन्हा के परिजन एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

******